MAHESHWARI MAHILA E-PATRIKA

पत्रिका पंजीयन क्र./2001/6505 दिनांक 29/04/2002 पोस्ट पंजीयन क्र. 536

# माहेश्वरी महिला

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन का मुखपत्र

अक्टूबर 2023

वर्ष-1
अंक-2





## नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली पर्व की बधाई








महालक्ष्मीजी की आरती देखने के लिए यहां क्लिक करें

## नवरात्रि, दशहरा एवं दीपोत्सव की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ



भारतीय संस्कृति का मुख्य तत्व उसकी धार्मिक, परम्परा है और धार्मिक परम्परा में हमारे व्रत और त्यौहार समाहित हैं। त्यौहारों से गतिशीलता, उत्साह व उमंग सक्रिय रहती है। बस हमारे सामने स्पष्ट लक्ष्य एवं लगन होना आवश्यक है। दीपोत्सव पर दीपक हमारे लिये सिर्फ प्रकाश का संबल नहीं वरन् निरंतर साहसपूर्ण संघर्ष का प्रतीक भी है। वह स्वयं अपने अस्तित्व का तिल-तिल जलाकर भी हमें निरंतर प्रकाश देता है। त्याग, बलिदान और परोपकार का वह अनन्य उदाहरण है।

आज पूरे विश्व में अराजकता फैली हुई है। अज्ञान के अंधकार को भगाने के लिये प्रकाशपुंज बनाना होगा। अहंकार, लालच, द्वेष, विद्वेष, क्रोध का जो अंधकार फैला हुआ है, उसे हटाना होगा। मानवता के प्रति गहरी संवेदना और प्रगतिशील जीवन की कामना ही मानव का लक्ष्य है। वाणी, विचारों और आवेगों पर संयम रखकर शांतिपूर्ण अस्तित्व का भारतीय दर्शन अपनाये यही कामना है। ''सत्यं शिवम् सुंदरम्'' की कल्पना को साकार करने हेतु दीये जलाएं-आत्म उत्थान के, राष्ट्रीय एकता, आर्थिक समृद्धि के, सामाजिक तथा सांसारिक सद्भाव के और विश्व शांति के। साथ ही कामना करें

''सर्वे सन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः सर्वे भऽाणि पश्यन्तु, माम् कश्चिद् दुःखभग भवेत''

श्रीमती सुशीला काबरा
संपादिका

## खुशियों भरा दिन हो... उमंगों भरी रात हो... मंगल पर्वों की बेला पर शुभ बधाई



स्नेही बहनों... जय उमा महेश

बुराइयां आपके जीवन से दूर रहे
अच्छाइयों से आपका दामन भरा रहे
अहंकार का कद छोटा हो
आत्मविश्वास का परचम ऊंचा हो
जीवन में अपनों का साथ हो
खुशियों भरा दिन हो उमंगो भरी रात हो
मंगल पर्वों की बेला में प्रभु श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त हो।।

सुख स्वास्थ समृद्धि की मंजुल कामना के साथ दशहरे और दीपावली की हार्दिक बधाई स्वीकार करें। दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है तो दीपोत्सव अंधकार पर प्रकाश की विजय के रूप में मनाया जाता है। हमारी भारतीय संस्कृति में भी तमसो मा ज्योतिर्गम्य मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो की अर्चना मानव मन की उस चाह का प्रतीक है जिसने प्रकाश में जीवन का संगीत सुना था। तिमिर को हर कर प्रकाश की जीवनदाई है, ज्ञान का सूचक है, मानव कल्याण का द्योतक है। हमारा महिला संगठन भी एक ऐसा ही प्रकाश स्तंभ है जिसके आलोक में हम स्वयं अपना पथ तो देख ही सकते हैं.. साथ ही सेवा त्याग सदाचार का दीप जलाकर दूसरों का पथ भी आलोकित कर सकते हैं। हमारी जिंदगी विडंबनाओ से भरी है.. हम अक्सर बड़ी-बड़ी बातों को तो देखते हैं और छोटों के प्रति उदासीन हो जाते हैं। उनका मूल्य नहीं समझते हैं। जबकि प्रकाश हमेशा एक लघु किरण के रूप में आता है। एक दीपक की नन्ही ज्योति अगाध अंधकार को मिटा देती है। यदि हम लघुता में ही महत्ता को पहचानने की कोशिश करें तो धीरे-धीरे हम स्वतः महत्तम की ओर पहुंच जाएंगे। आओ हम सब मिलकर अपनी प्रतिभाओं को समाज में अर्पित कर मनसा वाचा कर्मणा से सेवा संकल्प का दीप जलाएं। हमारे लघु दीप भीतर बाहर का अंधेरा हर कर केवल माहेश्वरी समाज को ही नहीं इतर समाज को, देश को ,विश्व को प्रकाशमान करेंगे.. ऐसा प्रकाश जो सबके जीवन में खुशहाली लाए, प्रेम और सौहार्द बढ़ाएं, उन्नति और प्रगति का सोपान बने और गर्व से हम कह सके...



अंधकार को क्यों धिक्कारे
अच्छा है एक दीप जलाएं
दशहरा और दिवाली मनाये
तिमिर ग्रस्त है मानव जीवन
करें प्राण प्रदीप संजीवन
सेवा सुमनों से पुलकित मन
करें स्नेह सुधा आचमन
एक्य भाव से अनुप्राणित हो
मंजुल विश्वास की ज्योति जलाएं।



सौ. मंजु बांगड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष
अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन

## सफलता के शिखर पर

## त्रयोदश सत्र में 2,72,647

## औषधीय पौधारोपण कर बनाया विश्व रिकार्ड



नव-हरितिमा...... संकल्प-सिद्धा लाई!
औषधीय पौधों से धरती पर हरियाली छाई!
हमारी व्याधियों ने प्राकृतिक औषधियाँ पाई!
संकल्प सिद्ध हुआ,शुभ दिन था...29 जुलाई

त्रयोदस सत्र में 13वाँ विश्व रिकॉर्ड नव हरीतिमा प्रकल्प ने Golden Book Of World Record बनाकर अपने राष्ट्रीय संगठन का एक बार फिर परचम लहरा दिया है। राष्ट्रीय समिति द्वारा यह निर्धारित किया गया था कि जो अंचल लक्ष्य से ज्यादा करेगा उसे राष्ट्र द्वारा सम्मानित किया जायेगा और इस श्रृंखला में. मध्यांचल के 5 प्रदेश ने 87890 पौधे रोपण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# नव हरितिमा प्रोजेक्ट... देशभर में पौधारोपण कर हरियाली की अलख जगाई

## मानव के जीवन को सुखी, सम्रद्ध व संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण का अपना विशेष महत्व है

### पूर्वांचल




वीडियो देखने के लिए यहाँ क्लिक करें

### पश्चिमांचल




वीडियो देखने के लिए यहाँ क्लिक करें

### मध्यांचल




वीडियो देखने के लिए यहाँ क्लिक करें

### उत्तरांचल




वीडियो देखने के लिए यहाँ क्लिक करें

### दक्षिणांचल



वीडियो देखने के लिए यहाँ क्लिक करें

## अंधकार पर प्रकाश है



प्रकाश,धन और सौंदर्य की देवी लक्ष्मी
जी हाँ दीपावली, दीपक ज्योति नमोस्तुते

यह उत्सव नहीं महाउत्सव की तरह सर्वत्र मनाया जाता है। यह एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें पांच महत्वपूर्ण दिनों का समावेश है।

धन की बरसात है, अंधकार पर प्रकाश है,
गोवर्धन की लीला के साथ, भाई बहन का प्यार भी है।

यह दीप पर्व जब रंगोली से सजाता है घर आंगन, तो दियों सा जगमगाता है सबका जीवन। दीप पर्व पर यही मंगल कामनाएं हैं।

हर तरफ बस रोशनी का गीत हो, लोकमंगल का सरस संगीत हो।
जो अमावस को चुनौती दे रहा, ज्योति के उस दीप की जीत हो।
दीपक स्वयं बोलता नहीं, उसका प्रकाश उसका परिचय है।
हमें भी अपने कर्म करना है, परिचय वक्त स्वयं दे देता है।

श्रीमती ज्योति राठी राष्ट्रीय महामंत्री

## दिल्ली माहेश्वरी महिला संगठन ने पौधारोपण में अपनी आहुति प्रदान की





अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा संकल्पसिद्धा ग्राम विकास व राष्ट्रोदय समिति के तत्वावधान में 29 जुलाई 2023 पावन पुरुषोत्तम एकादशी के दिन नव हरितिमा मेगा मेडिसिनल ट्री प्लांटेशन कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन किया गया। वृक्ष प्रकृति की अमूल्य धरोहर है, मानवता के हित के लिए इनका संरक्षण बहुत आवश्यक है।

**माँ धरती को सजायेंगे हम करके कुसुमित–हरित श्रृंगार।**
**भू–ऋण से होकर उऋण, पायेंगे वसुधा के आशीर्वाद की नव–बयार।**

इसी परोपकारी मंगल भावना से प्रेरित हो दिल्ली प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन के सभी क्षेत्रों द्वारा बहुत उत्साह के साथ वृहद स्तर पर औषधीय वृक्षारोपण किया गया, जिसका विवरण–पूर्वी क्षेत्र – 2127 पौधे, उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र –1610 पौधे, नोएडा क्षेत्र – 1000 पौधे, पश्चिमी क्षेत्र – 340 पौधे, उत्तरी क्षेत्र – 250 पौधे, मध्य क्षेत्र – 200 पौधे, द्वारका क्षेत्र – 125 पौधे। दिल्ली प्रदेश द्वारा कुल 5652 पौधारोपण किया गया।

नव हरितिमा कार्यक्रम में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती किरणजी लड्ढा, उत्तरांचल उपाध्यक्ष मंजूजी मांधना, राष्ट्रीय समिति प्रभारी शर्मिलाजी राठी तथा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य आशाजी रांधेड की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**अध्यक्ष – श्यामा भांगडिया * सचिव – लक्ष्मी बाहेती**

## असम माहेश्वरी महिला संगठन

**प्रकृति हमारे लिए है जरूरी इससे होती जिंदगानी पुरी**
**यदि रखना है स्वास्थ्य का ख्याल हमें तो औषधीय पौधे बिन है यह अधूरी**
**पेड़ लगाने का लो संकल्प क्योंकि धरती को बचाने का यही है विकल्प।**

अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा 29 जुलाई 2023 को संकल्प सिद्धा राष्ट्रोदय समिति के अंतर्गत नवहरीतिमा कार्यक्रम... मेगा मेडिसिनल ट्री प्लांटेशन में पूर्वोत्तर असम द्वारा कुल 1380 पोधे लगाए गए। इस कार्यक्रम में स्थानीय शाखाओं लखीमपुर 50, गोलाघाट 500, बरपेटा रोड 21, देगांव 31, तीताबार 65, नागांव 311, बोंगाईगांव 55, सिलचर 34, शिवसागर 41,तेजपुर 91,इटानगर नहरलागुन 49, गुवाहाटी 51, सिलापथार 31, जोरहाट 50 ने अपनी पूरी कोशिश कर कार्यक्रम को सफल बनाया। अखिल का यह प्रयास अत्यंत सराहा गया क्योंकि प्रकृति संरक्षण बनाए रखने के लिए एवं अपने आस पास के वातावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना बहुत जरूरी है।

## हरियाणा पंजाब माहेश्वरी महिला संगठन

**अगर जीवन एक संचित पूंजी है, तो पौधारोपण**
**उसकी कुंजी है। आओ मिलकर पेड़ लगाएं**

राष्ट्रीय हरीतिमा मेगा ट्री प्लांटेशन में औषधीय वृक्ष लगाने की मुहिम में प्रदेश द्वारा 6225 वृक्ष लगाए गए। पर्यावरण को स्वच्छ एवं शुद्ध करने के प्रयास में आंवला, नीम, बेल, तुलसी, गुलाब, अर्जुन, गुडहल, जामुन इत्यादि वृक्ष लगाए गए। इस कार्यक्रम में बहनों का सफल योगदान रहा। हर किसी ने उम्मीद से बढ़कर उम्दा काम किया। इसमें सब धन्यवाद के पात्र हैं।

**प्रदेश अध्यक्ष–सीमा मुंधडा * सचिव–अनु सोमानी**

## कर्नाटक माहेश्वरी महिला संगठन

पुरूषोत्तम मास मे अपनी धरणी मां की गोद औषधीय वनस्पतियों से भरना अपने आप के लिए एवं अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिये उपहार है। ऐसे अभूतपूर्व प्रोजेक्ट का हम दिल से स्वागत करते है।

संकल्प सिध्दा – ग्रामीण विकास एवं राष्ट्रीय समिति (अंतर्गत) श्रावण एवं अधिकमास के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय प्रोजेक्ट मेगा मेडिसीनल ट्री प्लांटेशन, नवहरितिमा से जुडकर आज कर्नाटक गोवा प्रांतीय माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा औषधीय वनस्पतियों का रोपण आज विशेष एकादशी पर किया गया।

एलोवेरा ,गिलोय,नारियल, तुलसी, करी पत्ता, नीम अमला, पीपल, गिलोय एलोवेरा, किडनी स्टोन प्लांट, पान के पौधे लगाए गए। इस वृक्षारोपण पर हमारी सभी स्थानीय बहने बहुत ही आनंद से सम्मिलित हुई। सभी पौधे खेत में वेटरिनिटी हॉस्पिटल में यूनिवर्सिटी ग्राउंड में फार्म हाउस में घरों में और हाईवे के पास लगाए गए।



हुब्बली 540, गुलेद्गुड्ड 245, दांडेली 200, बागलकोट 550, बल्लारी 500, बेलगांव 100, बीजापुर 1500, बांहट्टी 700, रामदुर्ग 1100, बेंगलुरु 2272, जामखंडी 1500, कलबुर्गी 1755, इरकल 1700। पौधे लगाकर उत्साह से इस प्रोजेक्ट में 12662 कुल पौधे लगाकर सहभागिता निभाई है। औषधीय वनस्पतियों का केवल रोपण ही नही, इनके संरक्षण की जिम्मेदारी हमारे महिला संगठन की बहनों ने ली इस बात का हमें बहुत गर्व है।

**अध्यक्ष–सरोज कासट * सचिव–सुनीता लाहोटी**

## उत्कल प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन

संकल्प सिद्धा –नव हरितिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत औषधीय वृक्षारोपण सभी जिलों के विभिन्न स्थान जैसे स्कूल, हॉस्पीटल, वृद्धाश्रम, सामाजिक भवन, फैक्ट्री, सोसायटी मे लगभग 4,000... वृक्षारोपण किया गया।

बालासोर –1500, झारसुगड़ा –1100, संबलपुर– 700, कटक –125, भुवनेश्वर –100, मलकानगिरी –75, जाजपुर– 50, बारीपदा –50, बड़बिल –100, अंगुल तालचेर ढेंकानाल –200, कुल–4,000

## पूर्वी मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन




नवहरितिमा मेगा मेडिशनल ट्री प्लांटेशन प्रोजेक्ट के तहत दिनांक 29जुलाई, 2023 को पूर्वी मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के सभी स्थानीय संगठनों एवं जिला संगठनों के माध्यम से कुल 31684 पौधों का सुरक्षित स्थानों पर रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में इस दिन प्रदेश के जिलों एवं स्थानीय संगठनों में कहीं पर प्रशासनिक अधिकारी कहीं पर जनप्रतिनिधि कहीं पर समाज के गणमान्य नागरिक,आखिल भारतीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, युवा संगठन, महिला संगठन के पदाधिकारियों की गरिमामई उपस्थिति रही जिनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत आयोजित इस कार्यक्रम की बेहद सराहना की गई। पूर्वी मध्यप्रदेश में नवहरितमा परियोजना की विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है:-

नर्मदापुरम ज़िला-6475 पौधे, नरसिंहपुर जिला-5100 पौधे, रायसेन जिला-217 पौधे, हरदा जिला-300 पौधे, भोपाल-8000 पौधे, विदिशा-2000 पौधे, सिहोर जिला 300 पौधे, ग्वालियर जिला-4000 पौधे, अशोकनगर जिला-11 पौधे, मुरैना जिला 1011पौधे, शिवपुरी जिला 70 पौधे, गुना जिला 100 पौधे, छिंदवाड़ा जिला 1100 पौधे, बैतूल जिला 300 पौधे सागर जिला 1040 पौधे, कटनी जिला 200 पौधे, सतना जिला 55 पौधे शहडोल जिला 300 पौधे, जबलपुर जिला 1500 पौधे। कुल : 31684 पौधों का रोपण किया गया।

**प्रदेश अध्यक्ष-रंजना बाहेती**

**प्रदेश सचिव-राजश्री राठी**

## मध्य उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन



मध्य उत्तरप्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा नवहरितिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए, औषधीय गुणों से भरपूर पौधे रोपित किये गए। संगठन की बहनों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व एक रिकार्ड हासिल किया।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन

पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा नवहरितिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत ,पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए,औषधीय गुणों से भरपूर 18175 पौधे रोपित किये गए। संगठन की 36 बहनों द्वारा 33-33 पौधे दान करके अधिक मास में पुण्य लाभ कमाया गया। भिन्न भिन्न संगठनों की प्रोजेक्ट सम्बन्धी समस्त गतिविधियाँ विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों अथवा समाज सेवियों व पत्रकारों के समक्ष सम्पन्न हुई। यद्यपि सभी संगठनों ने अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को अग्रणी बनाने में अपना योगदान दिया तथापि इस प्रोजेक्ट में अलीगढ व आगरा ने उत्कृष्ट एवं अतुलनीय प्रदर्शन से अपना सर्वोत्तम योगदान दिया।

**प्रदेश अध्यक्ष-मोनिका जी माहेश्वरी**

**प्रदेश सचिव-मनीषा जी राठी**

## झारखण्ड बिहार माहेश्वरी महिला संगठन

अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला समिति के नव हरीतिमा मेगा मेडिसिनल प्लांटेशन के अंतर्गत झारखण्ड बिहार प्रदेश द्वारा 9020 औषधीय वृक्षों का रोपण मंत्र उच्चारण के साथ लगाये गये। राँची 1524, चाईबासा 1200, गुलाबबाग 600, कटिहार 150, जमशेदपुर 1150, पटना 1000, किशनगंज 850, फारबिशगंज 625, मुजफ्फरपुर 650, झुमरी तलैया 500, गुमला 200, करजाईन 100, देवघर 100, धनबाद 100, जोगबनी, गुरलीगंज, अररिया 251 पौधे नगर निगम पार्क , फैक्ट्री, आरोग्य भवन, आंगनबाड़ी , स्कूल, मंदिर एवं घरों में लगाये गये जहाँ छोटे पौधों की अच्छे से देखभाल हो और यह वृक्ष का रूप ले।आंवला, पान, गुलाब, सदाबहार, पुदीना, हरसिंगार, कडी पत्ता, अजवाइन, नीलगिरी,वन तुलसी, हल्दी, अश्वगंधा, अपराजिता , एलोवेरा, गिलोय, नींबू, गेंदा, नीम, बेल , अरहुल आदि औषधीय पौधों का रोपण कर यह धरती को हरा भरा करे एवं वातावरण को शुद्ध बनाये इसका प्रयास किया गया।

**अध्यक्ष-निर्मला लड्डा * सचिव-संगीता चितलांगिया**

## मध्य राजस्थान माहेश्वरी महिला संगठन

**वृक्षारोपण कर किया ,प्रकृति का श्रंगार**
**पेड़ लगाएं हम सभी ने कर धरती सम्मान**
**खिल उठी प्रकृति चहु ओर, फैला अति उल्लास**
**अधिक मास के पावन पर्व पर हुआ पुण्य का काज**

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा आयोजित नव हरीतिमा कार्यक्रम मन को सकुन देने वाला, शांति प्रदान करने वाला, सही अर्थों में श्रावण अधिक मास में इससे बढ़िया कोई प्रोजेक्ट नही हो सकता था।वृक्ष देते है मन को सकून।यह एक पुण्य कार्य जो हमारे जीवन के आधार भी हैं जिससे वर्तमान के साथ साथ भविष्य भी सुरक्षित रहता है। मध्य राजस्थान में अधिकांश वृक्ष संस्कार सिद्धा योग सोपान कराए जा रहे विद्यालयों में लगाए। मध्य राजस्थान ने जितने वृक्ष लगाने का संकल्प लिया था। सभी के सहयोग से न केवल निर्धारित लक्ष्य को पार किया अपितु वृक्षों की सार संभाल का संकल्प भी लिया। ।साथ ही इंद्र देवता स्वयं भी इन नव पल्लवों को आशीर्वाद देने स्वयं उपस्थित थे। घनघोर घटा के मध्य भी महिला संगठनों का उत्साह देखते ही बनता था। प्रदेश संगठन को 8500 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया परंतु संगठन ने 12421 पौधे लगाकर लक्ष्य को उच्चतम शिखर तक पहुंचाया। इस पुण्य कार्य मे 24 स्थानीय संगठनों ने अपना सहयोग प्रदान किया जिसमे नागौर ने 4721,टोंक ने 3530,अजमेर ने 3140 व सवाईमाधोपुर ने 1030 पौधे लगाए गए।

**शशि लड्डा (प्रदेश अध्यक्ष) * मनीषा बागला( प्रदेश सचिव)**

## उत्तरी राजस्थान माहेश्वरी महिला संगठन

**नव हरीतिमा 29 जुलाई, हमसे है हरियाली,**
**हरियाली से हम, हमने किया पौधारोपण,**
**नव-हरितिमा रहा माध्यम**

ग्राम विकास एवं राष्ट्रोदय समिति (संकल्प सिद्धा) द्वारा राष्ट्र-व्यापी औषधीय पौधारोपण प्रकल्प....नव-हरितिमा सभी प्रकृति - प्रेमी बहनों के सहयोग से निर्धारित लक्ष्य को पार करने की कोशिश करते हुए उत्तरी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन ने अपने स्थानीय संगठनों व उनकी टीम के साथ मिलकर 3090 पौधों का रोपण किया। बीकानेर समिति -250 पौधे, डूंगरगढ समिति - 333 पौधे , जिला संगठन - 570 पौधे, कुल-1153 । श्री गंगानगर -365, घड़साना -200, विजयनगर-95, रावल-75, राईसी नगर-100, कुल-835 पौधे। हनुमानगढ जंक्शन-251 पौधे, नोहर-101 पौधे, कुल-352 पौधे, सरदार शहर-250 पौधे, छापर-300 पौधे, राजगढ़-100 पौधे, सुजानगढ-100 पौधे, कुल-750 पौधे। 14संगठन से कुल 3090 पौधे।

## पश्चिम बंगाल माहेश्वरी महिला संगठन



राष्ट्रीय प्रायोजित नव-हरितिमा प्रोजेक्ट में प्रदेश के दस संगठनों ने भाग लिया। कुल मिलाकर 1205 वृक्षों का रोपण किया।

इस्लामपुर 15, अलीपुरद्वार 25, दार्जिलिंग 128, बीरपारा 30, कूचबिहार 100, रामपुरहाट 50, सिक्किम 35, पुरुलिया 50, दुर्गापुर 200, सिलीगुड़ी 200...। 372 वृक्ष सदस्यों के द्वारा घरों में लगाए गए बहुत अधिक बारिश की वजह से फोटो नहीं खींच पाए हैं धन्यवाद धन्यवाद धन्यवाद

**अध्यक्ष -रेखा लखोटिया * सचिव- सुधा कल्याणी**

## पूर्वी उत्तरप्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन

पूर्वी उत्तरप्रदेश द्वारा नव हरितीमा मेगा मेडिसिनल प्लांट प्रोजेक्ट में निम्न संगठनों द्वारा इस क्वांटिटी में पौधे लगवाए गए।

वाराणसी 7500 पौधे, मिर्जापुर 2100 पौधे, भदोही 200 पौधे, प्रयागराज 700 पौधे, लखनऊ 400 पौधे। 33 की संख्या में हमारे प्रदेश की 15 बहनों ने पौधे दान दिए-500। टोटल पौधारोपण - 11400

**अध्यक्ष-भारती करवा * सचिव-पुष्पा धूत**

## वृहतर कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन ने 1368 पौधे एक ही दिन में लगाए


हावड़ा अंचल द्वारा 2000 पौधे रोपन किए

वृहतर कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के द्वारा सभी 10 अंचलों के साथ मिलकर 11368 पौधे एक ही दिन में लगाए गए। जिसका कुल खर्च 1,93,780/-। नवहरीतिमा मेघा ट्री प्लांटेंसन के पौधे विभिन्न स्थानों पर (कल्याणी साहेब बगान, कल्याणी गौशाला, कामधेनु गौशाला व अनुसंधान केन्द्र,18 जुगल किशोर दास लेन,होल्टीकल्चर गार्डन 10 जिला के सदस्यों के सहयोग से लगाए गए। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्रीमती अमृता जी नेवर स्वयं सिद्धा राष्ट्रीय समिति प्रभारी श्रीमती निर्मला जी मल्ल, श्रीमती राज जी झंवर, मंजू जी पेड़ीवाल, वर्षा जी डागा, कुसुम जी मुंदड़ा,मंजू जी मिमानी, लक्ष्मी जी मूंदड़ा, की गरिमामय उपस्थिति थी। प्रदेश बहनों, जिला अध्यक्ष, मंत्री ज़िला की बहनों ने आकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रदेश द्वारा पौधे लगाने का उद्देश्य देश को प्रदूषण मुक्त बनाने के साथ साथ कमज़ोर वर्ग की महिला को रोजगार देकर संकल्प सिद्धा के साथ साथ स्वयं सिद्धा का भी कार्य किया गया (कल्याणी गांव में महिला के अपनी छोटी सी ज़मीन में 2000 गेंदा फूल के पौधे लगाए गए ताकि रोज़गार कर सके और अपने परिवार का पालन पोषण कर सके ) बाकी और सभी पौधे गेंदा,नींबू,एलोवेरा, मीठा नीम, गिलोय, सदाबहार नीम, बिलपत्र, अजवाइन, नीलगिरी, प्रदेश बेसिल, आँवला गाछ, पुदीना एक साथ मंगवाकर विभिन्न स्थानों पर भेजे गए जहाँ ज़रूरतमंद लोग अपना रोज़गार कर सके। पौधे लगाते वक़्त ताज़ा ख़बर की उपस्थित व अन्य मीडिया न्यूज़ पेपर में भी प्रचार प्रसार किया गया।

**प्रदेश अध्यक्ष-मंजु पेड़ीवाल * प्रदेश मंत्री-कुसुम मुंदड़ा**

## पश्चिमी राजस्थान माहेश्वरी महिला संगठन

पश्चिमी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा नव हरीतिमा वृक्षारोपण अभियान के तहत जोधपुर जिले के केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स परिसर में 1000 पौधों का पौधा रोपण किया गया । इस बार हमने स्कूलों व मंदिरों में पौधारोपण के साथ हमारे भारतीय रिजर्व पुलिस भाइयों के साथ उनके विशाल 175 एकड़ में फैले परिसर में किया। यह अभियान राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड तथा अशोक जी स्वामी तथा अन्य पदाधिकारी व जवानों के सहयोग से सुनियोजित तरीके से संपन्न हुआ। इसी तरह प्रदेश के साथ-साथ सभी जिलों ने भी पौधारोपण में भागीदारी निभाई जिसमें जोधपुर जिले तथा जोधपुर के सभी स्थानीय व ग्रामीण संगठन द्वारा कुल 1360 पौधे, पाली जिले व पाली स्थानीय, सोजत रोड़ व सोजत सिटी संगठन द्वारा कुल 451 पौधे, बाड़मेर जिले व बाड़मेर स्थानीय,



बालोतरा व चौहटन संगठन द्वारा 435 पौधे, जालोर जिले व स्थानीय संगठन द्वारा 125 व जैसलमेर जिले व स्थानीय संगठन द्वारा 1000 पौधों का पौधा रोपण किया गया। इस तरह कुल 4371 पौधों का पौधा रोपण पश्चिमी राजस्थान प्रदेश की ओर से हुआ।

## अनेकानेक हार्दिक बधाई

हमारी पूर्वांचल उपाध्यक्ष, श्रीमती गिरिजा जी सारडा को सी.एन.आई कोशी प्रदेश की उपाध्यक्ष जैसी गरिमामय पद की जिम्मेदारी हासिल करने पर राष्ट्रीय महिला संगठन की ओर से हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। आप पहली महिला हैं जिन्हें विराटनगर और कोसी प्रदेश में किसी भी व्यापारिक संस्था या संगठन के उपाध्यक्ष के रूप में इस उच्च स्तर का सम्मान प्राप्त हुआ है। आपको मिले इस सम्मान से न केवल नेपाल प्रदेश बल्कि पूरा राष्ट्रीय संगठन गौरान्वित है। आपको सफलतम कार्यकाल की अग्रिम शुभकामनाओं के साथ।

**मंजू बांगड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष ※ ज्योति राठी राष्ट्रीय महामंत्री**
**किरण लड्डा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ※ ममता मोदानी राष्ट्रीय संगठन मंत्री**
**एवं समस्त पदाधिकारी गण।**

# अखिल भारतवर्षीय महिला संगठन की प्रथम कार्यसमिति बैठक

**राष्ट्रीय महिला संगठन के त्रयोदश सत्र की प्रथम राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक दिनांक 8, 9, 10 अगस्त 2023 प्रसिद्ध तीर्थ नगरी नासिक में संपन्न हुई। इस बैठक का आयोजन महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन व आतिथ्य नासिक जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा किया गया। प्रकल्प प्रदर्शक पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कल्पनाजी गगरानी, स्वागत अध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अरुणा जी लड्डा, व स्वागत मंत्री शैला जी कलंत्री के नेतृत्व में यह बैठक अत्यधिक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। 8 अगस्त को सावन के अधिक मास की पुरुषोत्तम बेला में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बहुत अच्छी व्यवस्था आयोजक संस्था द्वारा की गई तथा त्र्यंबकेश्वर की स्थानीय संगठन की बहनों द्वारा पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।**

## मंगलाचरण









## अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वाधान में संजीवन सिद्धा स्वास्थ्य समिति

## राष्ट्रीय स्तर पर हृदय रोगों से बचाव हेतु वर्चुअल वेबीनार का सफल आयोजन

मंगलवार 10 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मंजु बांगड़ के नेतृत्व में संजीवन सिद्धा ( स्वास्थ्य समिति) द्वारा हार्ट अटैक से कैसे बचें जूम पर राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित गया। जिसमें भारतवर्ष तथा नेपाल से 850 से अधिक लोगो ने कार्यक्रम में भाग लिया ।

कार्यक्रम का आग़ाज़ राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती ज्योतिजी राठी द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे सभी केंद्रीय व राष्ट्रीय पदाधिकारी, संरक्षक मंडल पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सभी प्रदेश पदाधिकारियों, श्रृंखलाबद्ध संगठन के तहत मौजूद सभी महिलाओं व बाहर से पधारे हुए श्रोताओं का स्वागत किया।

महेश वंदना व दीप प्रज्वलन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मंजू जी बांगड़, निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती आशा जी माहेश्र्वरी,राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमति ज्योति जी राठी ,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती किरण जी लड्डा व राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती ममता जी मोदानी द्वारा किया गया।



राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मंजूजी बाँगड़ ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया कि आज के जमाने मे जीवन में तनाव बहुत बढ़ चुके हैं व दिल की बीमारियां लोगों को कम उम्र से परेशान करने लगी है ।अनियमित दिनचर्या व असंतुलित खानपान जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। ऐसी परिस्थिति में हृदय रोगों पर सेमिनार अत्यंत आवश्यक है। इसी बात को दृष्टिगत करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस सेमिनार में मुंबई के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर कपिल जी राठी द्वारा डायबिटीज तथा हृदय रोगों बचाव हेतु जानकारी द्वारा इसका सभी को लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य समिति द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य समिति प्रभारी श्रीमती कुंतल तोषनीवाल ने सदन में हृदय की समस्याओं को समझने हेतु प्रश्न रखे जिनमे कम उम्र में हार्ट अटैक, डायबिटीज मोटापा और ब्लड प्रेशर का हार्ट अटैक से संबंध व कोरोना काल के बाद हृदय संबंधी बीमारियों के कारण संबंधी प्रश्न शामिल किए ।

सह प्रभारी श्रीमति अर्चना तापड़िया ने डॉक्टर कपिल राठी※ का परिचय प्रदान किया। मुख्य वक्ता मुंबई के सेवन हिल्स हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉ. कपिलजी राठी ने बहुत ही सरल भाषा में सभी प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए। पीपीटी व फोटो के जरिए उन्होंने हार्ट अटैक, ब्लड प्रेशर, मोटापा के कारण, लक्षणों को पहचान कर उनसे निजात पाने के तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की हमारे स्वास्थ्य के लिए हम स्वयं जिम्मेदार हैं । संतुलित आहार, व्यायाम व तनाव रहित रहकर हृदय रोगों से निजात पाई जा सकती है। गरिष्ट भोजन से परहेज कर कम से कम 10, 000 कदम प्रतिदिन चलना चाहिए। कसरत निहायत ही जरूरी है। नींद पूरी करना व समय समय पर जांच भी करवाना आवश्यक है।स्वास्थ्य की अनदेखी करने से काम बिगड़ सकता है।

कार्यक्रम की सटीक समीक्षा डॉ अल्पनाजी लढ़ा ने की ।सहप्रभारी सुजाता राठी, प्रतिभा नत्थानी, व रीना राठी द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर देकर डॉ कपिलजी ने सभी की जिज्ञासा शांत की। समिति प्रदर्शक श्रीमती मंजूजी हरकुट के आभार ने सभी का दिल जीत लिया । राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई ।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष-श्रीमती मंजू बांगड**
**राष्ट्रीय महामंत्री-श्रीमती ज्योति राठी**

## कु. ऐश्वर्या धूत की उपलब्धि



बड़े ही हर्ष के साथ सूचित करने में आ रहा है कि अपने मेघदूत क्षेत्र के सहसचिव श्री गिरीश जी धूत, निवासी वसंत विहार कॉलोनी इंदौर, (मूल निवासी कन्नौद मध्यप्रदेश) की सुपुत्री सुश्री कुमारी ऐश्वर्या धूत, जो की श्री सत्य साईं स्कूल विजय नगर इंदौर में क्लास 9वीं की विद्यार्थीनी हैं, इन्होंने खेलो एम पी,यूथ गेम्स के शतरंज टूर्नामेंट में इंदौर डिवीजन को रिप्रेजेंट किया और समूचे मध्यप्रदेश में गर्ल्स कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर , गोल्ड मेडल ट्राफी एवं 31000 रूपये की नगद राशि अर्जित की। आपने समग्र मध्यप्रदेश में न केवल स्कूल का, अपने माता पिता श्रीमती पूजा जी गिरीश जी धूत का, और समस्त कुटुंब परिवार का ही नाम रोशन किया वरन् प्रदेश में संपूर्ण माहेश्वरी समाज का नाम रोशन किया है। सुश्री कुमारी ऐश्वर्या की इस सिद्धि और सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि पर श्री माहेश्वरी समाज मेघदूत क्षेत्र गोरवांवित हुआ है और बहुत अधिक गर्व की अनुभूति महसूस करता है। मैं अपनी ओर से, परिवार जनों की ओर से श्री माहेश्वरी समाज मेघदूत क्षेत्र कार्यकारी मंडल की ओर से और मेघदूत क्षेत्र में निवासरत समस्त माहेश्वरी बंधुओं की ओर से सुश्री कुमारी ऐश्वर्या को और उनके माता पिता को अनंत शुभकामनाएं और कोटि कोटि बधाइयां प्रेषित करता हूं।

आपकी इस उपलब्धि पर हम सभी की लालसा थोड़ी अधिक हो गई है और आंतरिक इच्छा है कि शिक्षा के साथ साथ खेल जगत में, आप इस उपलब्धि को सतत् बनाए रखकर नेशनल स्तर पर समग्र भारतवर्ष में एवं इंटरनेशनल स्तर पर विश्व पटल पर भी इसी तरह अच्छा खेल प्रदर्शित कर, प्रथम रूप से विजयी होवें और हम सभी को और अधिक गर्वित महसूस करवाये।